

# घर से चावल खरीदने निकली 12 वीं की छात्रा का अपहरण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** मंगलवार की शाम घर के नजदीक स्थित किराना स्टोर से चावल खरीदने के लिए गई 12 कक्षा की छात्रा अचानक गायब हो गई। तलाश करने के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो परिजन ने सिटी कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। परिजन ने एक युवक पर छात्रा को बहला-फुसलाकर अगवा किए जाने का संदेह जाहिर किया है।

**शहर की यादव कॉलोनी में हुई घटना, परिजन ने एक युवक पर जताया संदेह**

जानकारी के अनुसार शहर की यादव कॉलोनी ट्रंच रोड पर रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा ने हाल ही में 12 वीं कक्षा की परीक्षा दी है। 10 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे परिजन ने छात्रा को घर के नजदीक स्थित किराना स्टोर से चावल खरीदकर लाने के लिए भेजा था। जब काफी समय बीतने के बाद भी छात्रा घर नहीं पहुंचीं, तब परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। 11 मार्च की सुबह परिजन सिटी कोतवाली पहुंचें और पुलिस को घटना से अवगत कराया। छात्रा के परिजन ने एक युवक शिवम परमार निवासी रामनगर मुरैना पर उसको अगवा किए जाने का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने परिजन की रिपोट पर संदेही युवक शिवम परमार के विरुद्ध बीएनएस की धारा-363 के तहत नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर अगवा किए जाने का अपराध दर्ज किया है।



# मप्र शिक्षक संघ का डेलीगेशन आज कलेक्टर से मिलेगा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों के निराकरण के संबंध में मप्र शिक्षक संघ का डेलीगेशन आज 12 मार्च को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से मुलाकात करेगा।

यह निर्णय मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक में लिया गया। इस बैठक का आयोजन 11 मार्च को डाइट परिसर में हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने की। श्री परिहार ने बताया कि इस बैठक में शिक्षकों की लंबित वेतन, क्रमोन्नति, एरियर राशि का भुगतान सहित अन्य समस्याओं के निराकरण में आ रही बाधाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मांगों एवं समस्याओं को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अब तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई है। जिसे लेकर मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारी आज 12 मार्च को कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग करेंगे। बैठक में रामबरन सिकरवार, श्यामवीर सिंह राठौड़, राघवेन्द्र धाकरे, रामअवतार सिकरवार, बिंदु सोलंकी, देवेन्द्र सिकरवार, संजय दीक्षित, कल्याण त्यागी, जितेन्द्र शर्मा, राजेश गुर्जर, अरविंद सिकरवार, विनोद कुमार गुप्ता, रामकुमार कुलश्रेष्ठ, गौरव तोमर, बृजेश सिकरवार, अजय शर्मा, प्रशांत परिहार, नीलू मिश्रा, अंजना सिकरवार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एएसआई दुर्गेश सिंह का पुत्र अभय प्रताप लेफ्टिनेंट बना



**मुरैना/पोरसा, 11 मार्च।** पोरसा थाने में पदस्थ उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह भदौरिया के पुत्र अभय प्रताप सिंह भदौरिया भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। अभय का चयन पहले ही भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हो चुका था। इसके बाद उन्होंने सैन्य अकादमी में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत आधिकारिक रूप से भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर उनकी तैनाती हो गई है।

### जौरा में तहसीलदार ने 3 पटवारियों को नोटिस भेजे

**मुरैना/जौरा।** शासन की महत्वपूर्ण स्वामित्व योजना के कार्य को समय-सीमा में नहीं करने को लेकर तहसीलदार बालकृष्ण मिश्र ने तीन पटवारी को नोटिस जारी किए हैं। इनमें पटवारी मोहिनी शर्मा छैरा, सूरज सिंह सिकरवार उम्मेदगढ़ बांसी और देवेंद्र कुमार के नाम शामिल हैं। तहसीलदार द्वारा दिए गए नोटिसों में लिखा है कि शासन द्वारा स्वामित्व योजना का कार्य समय सीमा में किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके लिए प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक दूरभाष एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से स्वामित्व योजना का कार्य समय सीमा में किए जाने के निर्देश बार-बार दिए गए थे इसके बावजूद आरओआर होने के बाद नक्शा में जो त्रुटि थी उनके नक्शे स्वयं एसओआई जबलपुर में जमा कर सुधार कर पुन: वापस लेकर आने एवं मुझे भी अवगत कराना था लेकिन आपके द्वारा एसओआई जबलपुर में नक्शे जमा तो किए गए लेकिन वहां से सुधार कराकर नक्शे लेकर नहीं आए गए। जिसकी वजह से स्वामित्व योजना का कार्य लंबित हुआ है।

### जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा कल मुरैना आएंगे

**मुरैना।** प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 13 मार्च को शाम 5 .40 बजे भोपाल से मालवा एक्सप्रेस से चलकर रात 11 .25 बजे मुरैना आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री अगले दिन यानि 14 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला कोर कमेठी की बैठक सर्किट हाउस पर करेंगे। इसके बाद वह दोपहर 2 .45 बजे मुरैना से ग्वालियर रवाना हो जाएंगे।

### भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आज मुरैना आएंगे

**मुरैना।** अटल स्मृति समिति मप्र के संयोजक एवं भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धीरज पटेरिया 12 मार्च को सुबह 9 बजे मुरैना जिले के 1980 से पूर्व के जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं का उनके घर-घर जाकर अटल अलंकरण प्रमाण पत्र से सम्मानित करेंगे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह सहित अटल स्मृति समिति मप्र के संभागीय प्रभारी रामनरेश शर्मा, जिला प्रभारी राजेश सिकरवार भी मौजूद रहेंगे।

### रिठौराकलां में 89 क्वार्टर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना।** रिठौराकलां थाना पुलिस ने 10 मार्च को रेलवे स्टेशन के पास स्थित गुमटी से अवैध रूप से शराब का विक्रय कर रहे आशु पुत्र राजेन्द्र कुशवाह नि. रिठौराकलां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुमटी से देशी शराब के 89 क्वार्टर जब्त किए है। जिनका बाजारू मूल्य 8 हजार 900 रूपये बताया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### विपणन एवं उद्यमिता मार्गदर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला कल

**मुरैना।** एमएसएमई की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मूलभूत बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में 13 मार्च शुक्रवार को टाउन हॉल में विपणन एवं उद्यमिता मार्गदर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिपं जगदीश यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हितग्राहियों को उद्यमिता के साथ डिजिटल प्लेटफार्म जैसे मीशों एवं अन्य ई-कॉमर्स माध्यमों से विपणन संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी।

### पोषण कार्यशाला व व्यंजन प्रतियोगिता 18 मार्च को

**मुरैना।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अंतरा फाउंडेशन से संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी ब्लॉक के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु रेसिपी प्रदर्शन व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च को द रॉयल पैलेस माधोपुरा पुलिया के पास मुरैना में किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ओपी पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्रियों का उपयोग करते हुए पौष्टिक व्यंजनों का निर्माण करना, जिससे समुदाय में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्रियों का उपयोग करते हुए पौष्टिक व्यंजन के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

### गाली-गलौज कर युवती से मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना।** महुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बिहारपुरा में ज्योति पुत्री नारायण निषाद की 09 मार्च को गांव के ही संदीप, रविन्द्र निषाद ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने ज्योति के पिता की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है।

### रामपुर-सबलगढ़ में महिलाओं से मारपीट के मामले दर्ज

**मुरैना।** रामपुरकलां पुलिस ने आरती कुशवाह 25 पत्नी सोनू कुशवाह नि. जारौली की शिकायत पर राघवेन्द्र, भूपेन्द्र, संदीप, रघुराज कुशवाह के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। उधर सबलगढ़ पुलिस ने कल्पना पत्नी अजय सैमिल नि. गदाईपुरा ग्वालियर की रिपोर्ट पर उसके पति अजय सैमिल सहित महेश भारती, कृष्णा भारती, माया भारती नि. खेरला के विरुद्ध गाली-गलौज कर मारपीट किए जाने का अपराध पंजीबद्ध किया है।



### सहकारी बैंक में अमानत का ग्राहक मिलन आयोजित

**मुरैना।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुरैना अमानत का ग्राहक मिलन समारोह पंचायती धर्मशाला में हुआ। बैंक मैनेजर लक्ष्मीकांत शर्मा, नीलू परिहार ने ग्राहकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। वहीं मैनेजर लक्ष्मीकांत शर्मा ने बैंक से जुड़ी शासन की लाभकारी योजना से ग्राहकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में बैंक शाखा के कर्मचारी सहित ग्राहकजन मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप

**मुरैना, 11 मार्च।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय मुरैना में किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशी जैन ने गर्भवती महिलाओं को स्वल्पाहार वितरित किए। शिविर में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। जिला चिकित्सालय में आने वाली गर्भवती महिलाओं का डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के अंतर्गत महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, वजन, अल्ट्रासाउंड आदि की जांच की गई। जिनमें जीडीएम 32, एएनसी 85, गायनिक 25, आयरन शुक्रोज 5, एफसीएम 1, एचआर 15, एचआईवी 11, वीडीआरएल 11 जांच की गई। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें विशेष परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

# दस साल पुराने हत्या के केस में 3 दोषियों को आजीवन कैद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 11 मार्च।** दस वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में अंबाह प्रथम अपर जिला न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 6-6 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

**प्रथम अपर जिला न्यायालय ने छह-छह हजार रुपए लगाया जुर्माना**

अभियोजन के अनुसार एक अप्रैल 2016 को आरोपी राकेश शर्माए सुनील शर्मा और रोहित उर्फ झम्मन ने आपसी विवाद के दौरान सूरज नामक युवक के साथ मारपीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 147, 148 और 149 भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था।

प्रकरण की सुनवाई के बाद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अंबाह, जिला मुरैना ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 6-6 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रामसेवक मिश्रा द्वारा की गई।

### अज्ञात वाहन के चालक पर धारा 106 का केस दर्ज

मुरैना, 11 मार्च। सिविल लाईन थाना क्षेत्र में विगत 18 दिसंबर 2025 को एनएच-44 पर लश्करी का पुरा के नजदीक अज्ञात वाहन ने महिला दयावंती जाटव पत्नी केदार सिंह जाटव नि. लश्करी का पुरा को टक्कर मार दी थी। उसे जख्मी हालत में जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान 10 मार्च को दयावंती जाटव की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# जौटई में अभा दंगल आज, देशभर से आएंगे पहलवान



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 11 मार्च।** जौटई गांव में 100 साल से अनवरत कराए जा रहे ऐतिहासिक दंगल का आयोजन 12 मार्च को किया जाएगा, जिसके लिए गांव का एतिहासिक दंगल मैदान तैयार हो चुका है। इस रोमांचक दंगल में शामिल होने के लिए मप्र, यूपी, राजस्थान, दिल्ली के नामी-गिरामी पहलवान आएंगे।

जौटई के चौधरी परिवार द्वारा 100 साल पहले शुरू किए गए दंगल की विशेषता है कि यहां होने वाले कुश्ती के मुकाबलों में बतासे से लेकर 100-500 रुपए, 1100-2100, 5100-11 हजार, 21 हजार, 51 हजार से लेकर 71 हजार रुपए की इनामी राशि के बड़े मुकाबले भी होते हैं। यहां होने वाले दंगल की विशेषता यह भी है कि दंगल में जीतने वाले पहलवान को इनामी राशि का 80 प्रतिशत और उपविजेता पहलवान को 20 प्रतिशत राशि आपस में बांटी जाती है।

### 10 साल में कोई पहलवान नहीं जीत सका चांदी की हनुमान प्रतिमा

जौटई में दंगल कराने वाले आयोजकों ने 10 साल पहले एक चांदी की गुर्ज (हनुमान प्रतिमा) बनवाई थी। जिसे मुकाबले में रखकर शर्त रखी गई कि जो भी पहलवान जौटई के दंगल में लगातार तीन साल फाइनल मुकाबला जीतेगा, उसे यह प्रतिमा पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। लेकिन 10 साल में कोई भी पहलवान आज तक लगातार तीन बार फाइनल मुकाबला नहीं जीत सका है।

# महामाया मंदिर प्रबंध समिति के चुनाव स्थगित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मुरैना के न्यासी चतुरीलाल बाथम ने बताया कि श्रीमूर्ति महामाया मंदिर पर विवादित प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा ट्रस्ट मण्डल के साथ कोई बैठक न करते हुए, ट्रस्ट मण्डल की बगैर अनुमति एवं अनुमोदन, साधारण सभा की बैठक आयोजित न करते हुए चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी गई है। साथ ही सदस्यता की फर्जी सूची तैयार कर मंदिर पटल पर चस्पा कर अवैधानिक रूप से नवीन चुनाव कार्यवाही की जा रही थी। इस संबंध में न्यास मण्डल की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस अवैध निर्वाचन कार्रवाई को रोका जाए। ट्रस्ट मण्डल के निर्णय के अनुसार अवैधानिक चुनाव प्रकिया के संबंध में न्यासी चतुरीलाल बाथम द्वारा रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुरैना के न्यायालय में पिटीशन दायर कर अवैध चुनाव को स्थगित किए जाने का अनुरोध किया गया। जिस पर 09 मार्च को उभयपक्ष को सुनने और उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद आदेश पारित किया गया कि श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास की प्रबंध समिति के निर्वाचन को अन्य आदेश तक स्थगित रखा जाए।

# कोटवारों को वर्दी-टॉर्च, जूते खरीदने मिलेगी राशि

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** सर्दी-गर्मी और बारिश के सीजन में ग्रामीण इलाकों की दिन-रात निगरानी करने वाले कोटवारों को जल्द ही वर्दी, टॉर्च एवं जूते खरीदने के लिए राशि मिलेगी। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर की मांग पर यह राशि प्रदान करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जारी किए।



विधायक दिनेश गुर्जर ने बताया कि पंचायत स्तर पर कोटवार प्रशासनिक व्यवस्था एवं सूचना तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें काम के दौरान कई प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें वर्दी, टॉर्च एवं जूते जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने से उनके कामों के निष्पादन में सुविधा होगी तथा ग्रामीण स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकेगी। मुरैना विधायक की मांग पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित प्रकरण को राजस्व विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है तथा आवश्यक परीक्षण कर उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

**विधायक गुर्जर की मांग पर मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश**

### सुमावली-बानमोर में मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज

**मुरैना, 11 मार्च।** सुमावली पुलिस ने संजीव पुत्र मदनू कुशवाह नि. अजीतपुरा की रिपोर्ट पर श्रीमती नीरज कुशवाह, वकीला कुशवाह के विरुद्ध तथा बानमोर पुलिस ने रामकलीदेवी पत्नीद द्वारिका जाटव नि. सक्सैना पुरा की रिपोट्र पर नरेश जाटव, शेरू जाटव के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# हत्या की कोशिश के केस में फरार राजेश गुर्जर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** हत्या की कोशिश किए जाने के मामले में बीते 4 महीने से फरार चल रहे राजेश गुर्जर को सिटी कोतवाली पुलिस ने 11 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाने में दर्ज अपराध क्रं. 638/25 धारा-109 (1), 296(ए), 351(2), 3(5) बीएनएस में नामजद राजेश पुत्र नृपाल सिंह गुर्जर निवासी सिद्धनगर मुरैना विगत 4 महीने से फरार बना हुआ था। उसके ऊपर पांच हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था।

**एसपी ने घोषित किया था पांच हजार रुपए का ईनाम**



कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 11 मार्च को सिद्धनगर क्षेत्र से राजेश को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई अरुण सिंह कुशवाह, प्र.आर. शिवप्रताप, अनिल दोहरे, आरक्षक कुलदीप जाट, सत्यम शर्मा, श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर, सूरज राठौर, अर्जुन शामिल थे।

# बारात में आए अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत हुई

**नवभारत न्यूज**

**कैलारस, 11 मार्च।** कैलारस के हटीपुरा गांव में बारात में शामिल होने पहुंचे मुरैना के अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना 10 मार्च की देर रात 10 से 11 बजे के बीच की है।

**मुरैना से बारात में शामिल होने गया था मृतक**

राकेश कुमार (51) पुत्र मुरारीलाल वर्मा साल निवासी मवासीपुरा रामनगर ने बताया कि मेरे बड़े भाई बालकिशन वर्मा (53) 10 मार्च को हटीपुरा बारात में शामिल होने गए थे। जब बारात की चढ़ाई हो रही थी, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मेरे पास इसकी सूचना फोन से दी गई। बताया गया है कि वाहन की टक्कर लगने के बाद बालकिशन को कैलारस स्वास्थ्य केंद लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैलारस पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### मदन शर्मा बने सलाहकार समिति में विधायक प्रतिनिधि

**मुरैना, 11 मार्च।** विधानसभा क्षेत्र सुमावली के मुरैना गांव निवासी मदन शर्मा को कृषिमंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने जिला विकास सलाहकार समिति में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है।

# महिला दिवस पर एक दर्जन मेडल जीतकर मनाया जश्न



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 11 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफइंडिया द्वारा देश भर में आयोजित अस्मिता योगासन वूमेंस सिटी लीग के अंतर्गत रूप सिंह स्टेडियम ग्वालियर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें ग्वालियर और चंबल संभागों से कई महिला खिलाड़ियों ने जूनियर, सीनियर आयु वर्ग इवेंट्स में भाग लिया और स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीते। मुरैना से योगाचार्य डॉ. जयकिशन शर्मा, ऑब्जर्वर महिमा जैन, प्रशांत सिकरवार मैनेजर, एडवोकेट संजू शर्मा एवं नायला रूबी निर्णायक के रूप में खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए।

### अलग-अलग कैटेगिरी में इन महिला खिलाड़ियों ने जीते मैडल

- 1. आर्टिस्टिक ग्रुप जूनियर :- जाग्रवि जैन, मान्या अग्रवाल, अंजली प्रजापति, पलक प्रजापति, एंजल शर्मा ने स्वर्ण पदक जीते।
- 2. आर्टिस्टिक पेयर जूनियर :- जाग्रवि जैन एवं मान्या अग्रवाल ने रजत पदक जीते।
- 3. ट्रेडिशनल इंडिविजुअल जूनियर :-जाग्रवि जैन ने कांस्य पदक जीता।
- 4. आर्टिस्टिक पेयर सीनियर :- अंकिता प्रजापति एवं रितु गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीता।
- 5. ट्रेडिशनल इंडिविजुअल सीनियर : अंकिता प्रजापति ने स्वर्ण और ऋतु गुर्जर ने रजत पदक जीता।

# पहाड़गढ़ रोड पर ई-रिक्शा पलटा 3 लोग जख्मी, मुरैना रैफर



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 11 मार्च।** गरमोरा गांव से कैलारस आ रहे ग्रामीणों से भरा ई-रिक्शा बुधवार को दोपहर पहाड़गढ़ रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन लोग जख्मी हो गए।

जानकारी के अनुसार गरमोरा निवासी प्रकाश पुत्र जगनू कुशवाह, संपतिया पति होतम निवासी बलालपुर और प्रभुदयाल पुत्र सरमन गरमोरा बुधवार को दोपहर ई-रिक्शा से कैलारस आ रहे थे। पहाड़गढ़ रोड पर नहर के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक पलट गया। जिससे उक्त तीनों लोग घायल हो गए। स्थानीय राहगीर घायलों को स्वास्थ्य केंद कैलारस लेकर आए, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### बाइक चालक के विरुद्ध धारा-106 का केस दर्ज

**मुरैना, 11 मार्च।** जौरा थाना क्षेत्र में विगत 3 जनवरी को हुए सड़क हादसे में बहादुर मौर्य 40 पुत्र प्रह्लाद मौर्य नि. रैमजा का पुरा की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद हादसे को अंजाम देने वाली बाइक क्रं. एमपी06-एमवी-8578 के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।